अनुक्रमांक ..................

कूट सं. : 820126.2 (M) – $SA_2$

कक्षा – आठवीं

# सामाजिक विज्ञान

## (संकलनात्मक मूल्यांकन – II)

कृपया जाँच कर लें कि **इस** प्रश्न पत्र में कुल 35 **प्रश्न हैं** और कुल 8 मुद्रित पृष्ठ **हैं।**

निर्धारित समय : 3 घंटे

पूर्णांक : 80

**सामान्य निर्देश :**

1. इस प्रश्न पत्र में कुल 35 प्रश्न हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
4. अपनी उत्तर पुस्तिका मे उत्तर लिखते समय प्रश्न पत्र में दिया गया प्रश्नांक ही लिखें।
5. (i) 1 अंक वाले बहु - वैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर (क), (ख), (ग) अथवा (घ) में सें ही होना चाहिए।

   (ii) 3 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

   (iii) 4 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. प्रश्न संख्या 34 तथा 35 के मानचित्र अपनी उत्तर पुस्तिका के भीतर सलग्न कीजिए।

1. निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य विलियम जोन्स के बारे में असत्य है?

   (क) वह ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा स्थापित सुप्रीम कोर्ट में एक जूनियर जज था।

   (ख) कुछ अन्य लोगों के साथ मिल कर, उसने 'एशियाटिक रिसर्च' नामक शोध पत्रिका का प्रकाशन किया।

   (ग) उसे भारतीय भाषाओं के अध्ययन में कोई रुचि नहीं थी।

   (घ) वह मानता था कि भारतीय सभ्यता प्राचीन काल में अपने वैभव के शिखर पर थी। 1

2. निम्नलिखित में से किस विषय पर गांधी जी तथा टैगोर के विचारों में मतभेद था?

   (क) पश्चिमी सभ्यता

   (ख) सृजनात्मक शिक्षा

   (ग) अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था का बंधनकारी अनुशासन

   (घ) भारतीय परम्परा 1

3. "बहरे कानों को सुनाने के लिए धमाके की जरूरत होती है। इंकलाब जिंदाबाद!" ये शब्द किसने कहे थे?

(क) लाला लाजपत राय (ख) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

(ग) चन्द्रशेखर आज़ाद (घ) भगत सिंह 1

4. निम्नलिखत में से कौन स्वतंत्र भारत का प्रथम उप प्रधानमंत्री बना?

(क) डा. राजेन्द्र प्रसाद (ख) बल्लभ भाई पटेल

(ग) सी. राजगोपालाचारी (घ) बाबू जगजीवन राम 1

5. स्वतंत्र भारत में भाषायी आधार पर बनने वाला भारत का पहला राज्य कौन सा था?

(क) तमिलनाडू (ख) कर्नाटक

(ग) आंध्र प्रदेश (घ) महाराष्ट्र 1

6. निम्नलिखित में से कौन सी क्रिया, प्राथमिक क्रियाओं का एक भाग है?

(क) इस्पात विनिर्माण (ख) बीमा और विज्ञापन

(ग) व्यापार तथा बैंकिग (घ) मत्स्यन और संग्रहण 1

7. निम्नलिखित में से कृषि के निवेश को पहचानिए :

(क) सिंचाई (ख) उर्वरक

(ग) फसल (घ) डेरी 1

8. निम्नलिखित में से कौन सा कथन जनसंख्या के वितरण के सम्बध में असत्य है?

(क) विषुवतीय वनों के क्षेत्र में बहुत कम लोग रहते हैं।

(ख) विश्व की जनसंख्या का लगभग दो तिहाई भाग एशिया और यूरोप में रहता है।

(ग) विश्व के 60 प्रतिशत लोग केवल दस देशों में रहते है।

(घ) उच्च अक्षांशीय क्षेत्रों में अधिक लोग नहीं रहते। 1

9. किस परिस्थिति में, अल्प संख्यक समुदायों में असुरक्षा की भावना बढ़ सकती है?

(क) जब कोई उनके कुशलक्षेम के बारे चिंतित रहता हो।

(ख) जब उन के कल्याण के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाए।

(ग) जब उन्हें अपनी संस्कृति की रक्षा का अधिकार दिया जाए।

(घ) जब बहुसंख्यक सांस्कृतिक विविधता की अवहेलना करें। 1

10. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत, **निम्नलिखित में से कौन सा कृत्य** नैतिक रूप से निंदनीय नहीं है? उपरोक्त जातियो के किसी व्यक्ति को :

(क) अखाद्य पदार्थ **पीने या खाने के लिए विवश करना।**

(ख) वस्त्रहीन दशा में घुमाना या मुंह काला करना।

(ग) भद्र तथा मानव प्रतिष्ठा के अनुरुप कृत्य करना

(घ) जबरदस्ती खेती न करने देना। 1

11. पानी का अधिकार, निम्नलिखित में से किस अधिकार का हिस्सा माना जाता है?

(क) सम्पत्ति का अधिकार (ख) जीवन का अधिकार

(ग) शोषण के विरुद्ध अधिकार (घ) कानून के सम्मुख समानता 1

12. सभी लोगों को 'सुरक्षित' पेयजल उपलब्ध क्यों नहीं हो सकता?

(क) सभी लोग इतना खर्च नहीं कर सकते।

(ख) अधिकांश लोग स्वच्छ जल को ही 'सुरक्षित' पेयजल समझते हैं?

(ग) सरकार की ओर से कोई विशेष प्रयास नहीं किया जा रहा है।

(घ) लोगों को इस बारे में जानकारी नहीं है। 1

13. यूनियन कार्बाइड ने भारत में ही अपना कारखाना क्यों खोला?

(क) भारत के मज़दूर बहुत गरीब हैं।

(ख) भारत के मज़दूर स्वस्थ एवं सुदृढ़ हैं।

(ग) भारत के मज़दूर बिना मजदूरी लेकर भी काम करने को तैयार हैं।

(घ) यहां पर इस प्रकार की कंपनियां कम लागत पर अधिक लाभ कमा सकती हैं। 1

14. स्वस्थ वातावरण की सुविधा के लिए निम्नलिखित में से किस ने अभी तक कोई विशेष प्रयास नहीं किया?

(क) न्यायालयों ने (ख) जनता ने

(ग) सरकार ने (घ) निजी कंपनियों ने 1

15. उन्नीसवीं शताब्दी की स्थानीय पाठशालाओं की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 3

16. महिलाओं के विषय में लिखने वाली किन्हीं दो लेखिकायों के योगदान का वर्णन कीजिए। 1½+1½=3

17. निचली जातियों के स्वाभिमान का भाव पैदा करने वाले, इन्हीं जातियों के किन्हीं तीन लोगों की भूमिका का उल्लेख कीजिए। 3×1=3

18. 1919 के बाद अंग्रेजों के विरुद्ध चल रहा संघर्ष धीरे-धीरे एक जनआंदोलन में कैसे परिवर्तित हो गया? किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। 3×1=3

अथवा

"कई जगह कुछ लोगों ने अपने आंदोलन को स्थानीय मुद्दों के साथ जोड़कर ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष को आगे बढ़ाया।" तीन उदाहरणों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए। 3×1=3

19. 15 अगस्त, 1947 से लेकर आजतक स्वतंत्र भारत के संविधान में वर्णित आदर्शों को हम किस सीमा तक साकार कर पाए हैं? स्पष्ट कीजिए। 3

20. निर्वाह कृषि और वाणिज्यिक कृषि में अंतर स्पष्ट कीजिए। 1½+1½=3

21. कौन सी फसल 'सुनहरी रेशे' के नाम से जानी जाती है? इसके उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए। 1+2=3

22. स्वायित्व के आधार पर उद्योगों को किन-किन क्षेत्रों में वर्गीकृत किया जा सकता है? प्रत्येक वर्ग का एक-एक उदाहरण दीजिए। 2+1=3

अथवा

उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिए। 3

23. इस्पात को आधुनिक उद्योगों का मेरुदंड क्यों कहा जाता है? स्पष्ट कीजिए। 3

24. उत्प्रवासी तथा आप्रवासी लोगों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। ऐसे देश का नाम बताइए जहां उत्प्रवास के कारण जनसंख्या में कमी का अनुभव किया गया है तथा ऐसा देश जहां आप्रवास के कारण जनसंख्या बढ़ी है। 2+1=3

25. आदिवासियों के जनजातीय धर्म कौन से हैं? अन्य धर्मों का इन पर क्या प्रभाव पड़ता है? 2+1=3

26. स्वतंत्र भारत में अस्पृश्यता का उन्मूलन किस प्रकार किया गया है? व्याख्या कीजिए। 3

27. हमारे देश में आदिवासियों की प्रचलित छवि किस प्रकार की है? स्पष्ट कीजिए। 3

28. विभिन्न प्रदेशों की सरकारें, आदिवासियों के संवैधानिक कानूनों का उल्लंघन किस प्रकार करती हैं? वर्णन कीजिए 3

अथवा

आरक्षण की व्यवस्था किस प्रकार सामाजिक न्याय को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। व्याख्या कीजिए। 3

29. जनसुविधाओं को उपलब्ध कराने में सरकार की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। 3

30. "जलापूर्ति का कार्य निजी कंपनिया बेहतर तरीके से कर सकती हैं।" इस कथन की पुष्टि कोई तीन उपयुक्त तर्क देकर कीजिए। 3×1=3

31. गांधी जी ने रॉलट सत्याग्रह का आह्वान किस कानून के विरोध में किया? यह विरोध किस दिन और किस नाम से मनाया गया? इस सत्याग्रह की प्रमुख घटनाओं का वर्णन कीजिए। 1+1+2=4

अथवा

1930 से लेकर 1947 में देश के विभाजन तक, मुस्लिम लीग की गतिविधियों, सफलताओं तथा असफलताओं का वर्णन कीजिए। 4

32. जनसंख्या वृद्धि के मुख्य कारणों का विश्लेषण कीजिए। 4

अथवा

जनसंख्या पिरामिड किसे कहते हैं? इसके कोई तीन उपयोग बताइए। 1+3=4

33. 1984 के पश्चात पर्यावरण की रक्षा के लिए बनाए गए कानूनों की व्याख्या कीजिए। 4

अथवा

"कानून बना देना ही काफी नहीं होता बल्कि सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होता है कि कानूनों को लागू भी किया जाए।" इस कथन का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 4

34. (क) भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र में दो क्षेत्र (1) और (2) दर्शाए गए हैं। नीचे दी गई सूचना के आधार पर उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर दी गई रेखाओं पर लिखिए।

(1) 1 नवम्बर, 1956 से पहले का एक भारतीय राज्य।

(2) 14 अगस्त, 1947 से पहले की एक भारतीय रियासत।

(ख) भारत के उसी रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए तथा उनके नाम लिखिए।

नेपाल तथा भूटान दोनों से संलग्न सीमा वाले दो भारतीय राज्य । 1+1=2

**<u>प्रश्न संख्या 34 के स्थान पर दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न</u>**

(क) वर्तमान आंध्र प्रदेश राज्य का नाम 1947 से पूर्व क्या था?

(ख) वर्तमान अरुणाचल प्रदेश तथा नागालैंड 1956 से पूर्व किस राज्य का भाग थे? 1+1=2

35. विश्व के राजनैतिक रेखा मानचित्र में दो लक्षण (A) तथा (B) दर्शाए गए हैं। नीचे दी गई सूचना की सहायता से इन्हें पहचानिए तथा इनके सही नाम दी हुई रेखाओं पर लिखिए।

(A) अफ्रीका का एक प्रमुख सूती वस्त्र औद्योगिक देश।

(B) एशिया का एक प्रमुख सूती वस्त्र औद्योगिक देश। 2×1=2

तथा

उसी रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए तथा उनके नाम लिखिए।

(1) संयुक्त राज्य अमेरीका - एक देश

(2) सिडनी - एक औद्योगिक क्षेत्र 2×1=2

**<u>प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न</u>**

(1) अफ्रीका के उत्तर में स्थित सूती वस्त्र उद्योग के लिए प्रसिद्ध देश का नाम लिखिए।

(2) भारत और जापान के अतिरिक्त ऐशिया में कौन सा ऐसा देश है जो सूती वस्त्र उद्योग का प्रमुख केन्द्र हैं?


(3) सिडनी औद्यागिक केंद्र किस महाद्वीप में स्थित है?

(4) केपटाउन किस महाद्वीप का एक भाग है? 4×1=4

अनुक्रमांक ______________

प्र.सं. 34 के लिए मानचित्र





प्र.सं. 35 (क) एवं (ख) के लिए मानचित्र

